सेंट मोंटफोर्ट स्कूल के विद्यार्थी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

दिनांक 2 दिसम्बर से 6 दिसम्बर 2016 तक आयोजित राष्ट्रपति पुरस्कार स्काउट और गाइड एवं रोवर रेंजर रैली में मध्यप्रदेश की ओर से सेंट मोंटफोर्ट स्कूल, भोपाल की छात्रा कु. ऋषिका भारके ने प्रतिनिधित्व करते हुए महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी के कर कमलों द्वारा पुरस्कार प्राप्त किया। यह उल्लेखनीय है कि इसमें 38 राज्यों के स्काउट गाइड तथा रोवर रेंजर शामिल हुए । इसमें मध्य प्रदेश से कन्टिन्जेंट लीडर कु.अभिलाषा मिश्रा गाइड कैप्टेन मध्यप्रदेश स्काउट गाइड एवं रोवर रेंजर के साथ राष्ट्रपति भवन में आयोजित उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं ।

वर्ष 2015-16 में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित होने वाले विद्यार्थी ऋषिका भारके, मृदुला विबिन नायर, मानसी धनगर, अनुभा भटनागर, मान्या चड्ढा, हर्षित रैकवार, अभय सिंह एवं करण चड्ढा को विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर अलेक्स, उप प्राचार्य ब्रदर विलियम एवं समस्त मोंटफोर्ट परिवार ने उनकी विशिष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दीं ।